Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **नागौर में नगर पालिका लाड़नूं का अधिशासी अधिकारी 20 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *02 अगस्त, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट, अजमेर इकाई द्वारा आज लाड़नूं, नागौर में कार्यवाही करते हुये मघराज डूडी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लाड़नूं, जिला नागौर को परिवादी से 20 **हजार रूपये** की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट, अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी की माताजी के नाम से भूखण्ड का पट्टा जारी करने की एवज में मघराज डूडी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लाड़नूं, जिला नागौर द्वारा 20 **हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, अजमेर के **उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री समीर कुमार सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी स्पेशल यूनिट, अजमेर इकाई के **उप अधीक्षक पुलिस श्री राकेश वर्मा** के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा लाड़नूं, नागौर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए मघराज डूडी पुत्र श्री नारायण राम निवासी ग्राम सीतसर, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू हाल अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लाड़नूं, जिला नागौर को परिवादी से 20 **हजार रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री समीर कुमार सिंह के निर्देशन में आरोपी के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।